आज समाज 28/03/2025

# एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के रूप में विद्यार्थियों को राजकीय कला संग्रहालय एवं नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम, चंडीगढ़ दिखाया



एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण राजकीय कला संग्रहालय एवं नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम चंडीगढ़ पहुंचे स्टूडेंट्स।

## आज समाज नेटवर्क

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के इतिहास विभाग एवं गांधी स्टडी सेंटर एंड म्यूजियम एवं जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के रूप में विद्यार्थियों को राजकीय कला संग्रहालय एवं नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम, चंडीगढ़ दिखाया गया है। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ धर्मवीर सैनी एवं शैक्षणिक भ्रमण के इंचार्ज ने बताया कि इतिहास विभाग हर साल की तरह इस साल भी इतिहास के विद्यार्थियों के लिए इस एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया है।

इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य इतिहास के विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि राजकीय कला संग्रहालय एवं नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राचीन भारतीय इतिहास से जुड़े हुए विभिन्न आर्टीफैक्ट्स के बारे में जाना तथा उनको समझा। प्राचीन काल के पहले शताब्दी से लेकर पांचवी छठी शताब्दी के बीच में गांधार कला में महात्मा बुद्ध की बनी हुई मूर्तियां को देखा तथा उनके महत्व के बारे में जाना। इसके अलावा बच्चों ने नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम का भी भ्रमण किया जहां पर बच्चों ने मनुष्य के उदय के बारे में जाना तथा साथ ही साथ पाषाण काल में मनुष्य किस तरह से रहता था किन-किन औजारों का प्रयोग करता था उनको देखा तथा उनके महत्व को जाना। उस समय मनुष्य के द्वारा प्रयोग की गई प्रौद्योगिकी के बारे में भी जाना।

कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने इतिहास विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के भ्रमण के माध्यम से छात्रों के अंदर इतिहास को जानने के प्रति रुचि पैदा होती है तथा इतिहास को प्रैक्टिकल रूप से समझा जा सकता है तथा भविष्य निर्माण में विद्यार्थी भी अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा माध्यम है जिसके माध्यम से विद्यार्थी इतिहास के क्षेत्र में अपने करियर का चुनाव भी कर सकते हैं। इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में डॉक्टर रितु गुप्ता अध्यक्ष, हिंदी विभाग ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा विद्यार्थियों के साथ उन्होंने भी इस एक दृश्य शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन में अपना सहयोग दिया। इस भ्रमण पर इतिहास विभाग एवं जीव विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभाग, गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के 70 छात्र छात्राओं ने भागीदारी की।